भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1731

10 दिसंबर, 2025 के लिए प्रश्न

अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई)

1731. श्री श्रीभरत मतुकुमिल्ली:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई) के अंतर्गत वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों के लाभार्थियों की राज्य-वार संख्या कितनी है और ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का बुजुर्ग, दिव्यांग और दूरदराज के लाभार्थियों, जो बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण संबंधी विफलताओं का सामना करते हैं या उचित दर दुकान (एफपीएस) पर जाने में शारीरिक रूप से असमर्थ हैं, की सहायता करने के लिए (एफपीएस) संचालकों हेतु वैकल्पिक, गैर-बायोमेट्रिक और आसानी से सुलभ प्रमाणीकरण प्रक्रियाओं को अनिवार्य करने का विचार है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके कार्यान्वयन की समय-सीमा क्या है;

(घ) विगत तीन वित्तीय वर्षों के दौरान सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के अंतर्गत राज्य-वार और वर्ष-वार प्राप्त शिकायतों की संख्या कितनी है तथा उक्त शिकायतों में से कितनी शिकायतों का समाधान किया गया है; और

(ड.) गत तीन वित्तीय वर्षों के दौरान राज्य-वार और वर्ष-वार कितने एफपीएस लाइसेंस रद्द किए गए?

उत्तर

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री

(श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया)

(क): अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई) के अंतर्गत लाभार्थियों (बुजुर्ग और दिव्यांग लाभार्थियों सहित) की राज्यवार संख्या दर्शाने वाला विवरण **अनुबंध -I** में दिया गया है।

(ख) और (ग): सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को दिनांक 24/10/2017 के पत्र के माध्यम से सूचित किया गया है कि नेटवर्क/कनेक्टिविटी/लिंकिंग संबंधी समस्याओं, अन्य तकनीकी कारणों या लाभार्थी की खराब बायोमेट्रिक्स के कारण बायोमेट्रिक/आधार प्रमाणीकरण की विफलता के कारण किसी भी वास्तविक लाभार्थी/परिवार को सब्सिडी वाले खाद्यान्न की पात्रता का कोटा प्राप्त करने से वंचित नहीं किया जाएगा।

(घ): विगत तीन वर्षों के दौरान लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (टीपीडीएस) के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों की संख्या दर्शाने वाला विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

(ड.): लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (टीपीडीएस) का संचालन केंद्र और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की संयुक्त जिम्मेदारी के तहत किया जाता है। उचित दर दुकानों (एफपीएस) को लाइसेंस जारी करने, उचित दर दुकानों के संचालन की निगरानी और पर्यवेक्षण सहित संचालन संबंधी जिम्मेदारी संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार की होती है।

*****

अनुबंध -I

"अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई)" के संबंध में दिनांक 10.12.2025 को उत्तर दिए जाने वाले लोक सभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 1731 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई) के तहत लाभार्थियों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार संख्या

क्रम सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई) वाले परिवारों की अधिकतम सीमा (लाख में)	दिनांक 30.11.2025 तक की स्थिति के अनुसार अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई) में शामिल परिवारों की संख्या (लाख में)
1	आंध्र प्रदेश	9.09	9.08
2	अरुणाचल प्रदेश	0.38	0.38
3	असम	7.04	6.73
4	बिहार	25.01	25.01
5	छत्तीसगढ़	7.19	7.19
6	दिल्ली	1.57	0.69
7	गोवा	0.18	0.12
8	गुजरात	8.13	7.77
9	हरियाणा	3.03	2.68
10	हिमाचल प्रदेश	1.97	1.65
11	झारखंड	9.18	8.94
12	कर्नाटक	12.00	10.97
13	केरल	5.96	5.96
14	मध्य प्रदेश	15.82	14.63
15	महाराष्ट्र	25.05	25.05
16	मणिपुर	0.64	0.64
17	मेघालय	0.70	0.70

18	मिजोरम	0.26	0.26
19	नागालैंड	0.48	0.48
20	ओडिशा	12.65	12.53
21	पंजाब	1.79	1.79
22	राजस्थान	9.32	6.29
23	सिक्किम	0.17	0.17
24	तमिलनाडु	18.65	18.64
25	तेलंगाना	6.49	5.67
26	त्रिपुरा	1.13	1.09
27	उत्तर प्रदेश	40.95	40.90
28	उत्तराखंड	1.91	1.84
29	पश्चिम बंगाल	19.86	16.42
30	अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	0.11	0.04
31	दादरा और नगर हवेली एवं दमन दीव	0.08	0.05
32	लक्षद्वीप	0.01	0.01
33	चंडीगढ़ (डीबीटी)	0.09	0.00
34	पुदुचेरी (डीबीटी)	0.32	0.25
35	जम्मू और कश्मीर	2.76	2.33
36	लद्दाख	0.06	0.06
कुल		**250.00**	**237.00**

*****

अनुबंध II

"अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई)" के संबंध में दिनांक 10.12.2025 को उत्तर दिए जाने वाले लोक सभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 1731 के भाग (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

विगत तीन वर्षों के दौरान व्यक्तियों, संगठनों और मीडिया रिपोर्टों आदि के माध्यम से प्राप्त टीपीडीएस संबंधित शिकायतें

क्रम सं .	राज्य / संघ राज्य क्षेत्र	2022	2023	2024
1	आंध्र प्रदेश	25	41	39
2	अरुणाचल प्रदेश	-	10	1
3	असम	13	48	178
4	बिहार	224	380	1720
5	छत्तीसगढ़	39	35	69
6	दिल्ली	212	256	346
7	गोवा	1	3	2
8	गुजरात	147	82	182
9	हरियाणा	87	347	240
10	हिमाचल प्रदेश	6	9	8
11	जम्मू और कश्मीर	19	24	57
12	झारखंड	236	348	738
13	कर्नाटक	38	85	126
14	केरल	7	6	8
15	मध्य प्रदेश	101	187	157
16	महाराष्ट्र	118	181	376
17	मणिपुर	1	2	-
18	मेघालय	-	2	5
19	मिजोरम	-	1	-
20	नागालैंड	-	-	-
21	ओडिशा	44	66	217
22	पंजाब	31	86	115
23	राजस्थान	72	93	121
24	सिक्किम	-	-	-
25	तमिलनाडु	55	103	151
26	तेलंगाना	10	40	36
27	त्रिपुरा	5	17	5
28	उत्तराखंड	53	54	68

29	उत्तर प्रदेश	714	1614	2201
30	पश्चिम बंगाल	129	169	160
31	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	3	-	-
32	चंडीगढ़	4	-	-
33	दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव	-	3	-
34	लक्षद्वीप	1	1	-
35	पुदुचेरी	3	2	5
36	लद्दाख	-	-	-
कुल		**2398**	**4295**	**7331**

*****